राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

दिनांक :– 14.11.2017

आयोग द्वारा वस्तुनिष्ठ प्रकार अथवा ऑनलाईन ली गयी परीक्षाओं में अभ्यर्थी द्वारा दिये गये Responses के उत्तर पत्रक को ऑनलाईन उपलब्ध कराने की सुविधा आयोग की वेबसाईट पर पूर्व में लिपिक ग्रेड द्वितीय संयुक्त परीक्षा – 2013 के लिए जारी की गई थी, के क्रम में आयोग द्वारा कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार प्रतियोगी परीक्षा–2013 तथा प्राध्यापक, माध्यमिक शिक्षा विभाग प्रतियोगी परीक्षा–2015 (समस्त विषय) के लिये इसे लागू किया जा रहा है। कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार प्रतियोगी परीक्षा–2013 तथा प्राध्यापक, माध्यमिक शिक्षा विभाग प्रतियोगी परीक्षा–2015 (समस्त विषय) की आयोजित परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है जो अभ्यर्थी स्वयं की उत्तर पत्रक का अवलोकन करना चाहते हैं, वे आयोग की वेबसाइट पर तय शुल्क ऑनलाईन अथवा कियोस्क के माध्यम से जमा करवा कर 15.11.2017 से 15.02.2018 तक अपने उत्तर पत्रक का अवलोकन कर सकते है।

(गिरिराज सिंह कुशवाहा)
सचिव